# ठण्डी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

नवभारत न्यूज



**ग्वालियर, 4 दिसम्बर।** हिमालय से आई ठण्डी हवा ने एक झटके में मौसम का मिजाज बदल दिया। बुधवार शाम तक जहां लोगों को गर्मी सता रही थी, वहीं रात होते ही हिमालय से आई ठंडी हवा ने एक ही झटके में तापमान

**6 डिग्री गिरा पारा, रात 11 बजे से बढ़ने लगी है ठंड**

**सात दिनों तक हवा की रफ्तार रहेगी तेज**

को पलट दिया। बुधवार को जहां न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया था, वह गुरुवार की सुबह 8.6 डिग्री पर पहुंच गया। एक झटके में छह डिग्री गिरे पारे ने रात से ही लोगों को सर्दी का अहसास कराना प्रारंभ कर दिया। हिमालय से आ रही ठण्डी हवा ने शहर में सर्दी का अहसास कराना प्रारंभ कर दिया है। गुरुवार तक मध्य भारत में साइक्लोन बना रहने से हिमालय से आने वाली ठण्डी हवा शहर में नहीं आ पा रही थीं, जिसके कारण शहर का तापमान लगातार 10 डिग्री के मौसम विभाग द्वारा जारी की गई भविष्यवाणी के अनुसार अगले सात दिनों तक शहर में हिमालय से आने वाली हवा की औसतन रफ्तार लगभग 6.7 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। जिससे शहर का तापमान 8 डिग्री से भी कम होने की संभावना है। हिमालय से आने वाली हवा की रफ्तार में इजाफा हुआ है। बुधवार तक जहां रात में हवा की रफ्तार लगभग शून्य रही थी, वहीं अब बढ़कर 4 किलोमीटर तक पहुंच चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार शाम 4 बजे तक हवा की रफ्तार 6.7 किलोमीटर चलने का अनुमान है।

# पैरोल पर छूटा हत्यारोपी फरार जमानतदार पर मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 4 दिसम्बर।** हत्या के मामले में सेंट्रल जेल ग्वालियर में आजीवन कारावास की सजा काट रहा कैदी फरार हो गया। तय समय पर जब कैदी वापस जेल नहीं पहुंचा तो जेल प्रबंधन की उसकी तलाश करवाई। लेकिन न तो कैदी ही मिला और न उसकी जमानत देने वाला।

सेंट्रल जेल के प्रहरी की शिकायत पर बहोड़ापुर थाने में फरार हुए कैदी और पैरोल के लिए उसकी जमानत देने वाले के खिलाफ बहोड़ापुर पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। सेंट्रल जेल में बंद कैदी प्रदीप सिंह पुत्र भैयालाल यादव हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। प्रदीप यादव को 17 नवंबर को 15 दिन की पैरोल पर रिहा किया था और उसकी जमानत पर्वत सिंह यादव पुत्र अतर सिंह यादव निवासी खिरिया, गोदन जिला भांडेर ने दी थी। कैदी प्रदीप यादव को 2 नवंबर को वापस जेल पहुंचना था, लेकिन वह नहीं पहुंचा। 3 नवंबर को जेल प्रबंधन ने उसकी तलाश करवाई तो वह घर से फरार मिला और जमानत देने वाला पर्वत सिंह यादव भी नहीं मिला। बुधवार शाम को सेंट्रल जेल का प्रहरी देवेन्द्र सिंह राजपूत बहोड़ापुर थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि हत्या के मामले में सजा काट रहा कैदी प्रदीप यादव व उसकी जमानत देने वाला फरार हो गया है। पुलिस ने फरार कैदी और उसकी जमानत देने वाले के खिलाफ मामला कायम कर लिया है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ऊर्जा मंत्री के भतीजे की शादी में हुए शामिल

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 4 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को ग्वालियर प्रवास के दौरान ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के पारिवारिक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में रेसकोर्स रोड स्थित ऊर्जा मंत्री के निवास पर पहुंचकर उनके भतीजे सूर्य प्रताप सिंह तोमर (हितांशु) को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिये आशीर्वाद एवं

**उप मुख्यमंत्री शुक्ल व मंत्री राकेश सिंह भी आशीर्वाद देने पहुँचे**

शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर उन्होंने ऊर्जा मंत्री तोमर की माताश्री श्रीमती सुधा तोमर सहित अन्य परिजनों से भी भेंट की।

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भी गुरुवार को ऊर्जा मंत्री श्री तोमर के निवास पर पहुँचकर सूर्य प्रताप सिंह तोमर को सुखद दाम्पत्य जीवन के लिये शुभकामनायें प्रदान की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी मौजूद थे।

# सूने घर मे ताला तोड़कर गहने और नकदी ले गए चोर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 4 दिसम्बर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के बेहटा क्षेत्र में चोरों के कदम पड़ गए। अज्ञात चोर घर के मेन गेट का ताला तोड़कर चांदी के जेवर व नकदी समेट ले गए। चोरी गए सामान की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। दीपेन्द्र परिहार पुत्र रामअवतार परिहार निवासी ग्राम बेहटा प्राइवेट काम करता है। 30 नवंबर को दीपेन्द्र अपने किसी परिचित की शादी में शामिल होने के लिए बाहर गया था, घर में कोई नहीं था। ताला लगाकर दीपेन्द्र चला गया और जब शादी से वापस आया तो मेन गेट का ताला टूटा देखा। घर के अंदर पहुंचा तो पूरा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। चोर घर में रखे चांदी की पायल, चांदी की करधोनी, सोने की नथ तथा नकद रुपए रखे थे चोरी कर ले गया। घर में चोरी होने की जानकारी दीपेन्द्र ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। आस-पास सीसीटीवी न होने से लोकल मुखबिरों का सहारा पुलिस ने लिया है। महाराजपुरा थाने के टीआई यशवंत गोयल ने बताया कि शादी में गए युवक के घर में चोरी हुई है और पुलिस जल्द ही चोरों को पकड़ लेगी।

## बिना नम्बर की प्लेट लगा लगाए ट्रैक्टर की टक्कर से पिता-पुत्र घायल

ग्वालियर, 4 दिसंबर। शहर में बिना नम्बर प्लेट लगाए हादसों का कारण बन रहे ट्रैक्टरों का खौफ कम नहीं हो रहा। बिना नम्बर प्लेट के चल रहे एक ट्रैक्टर के चालक ने बेपरवाही से वाहन चलाते हुए पिता-पुत्र को अपनी चपेट में ले लिया। घटना बीते रोज मुरार थाना क्षेत्र के मोहनपुर पुल के पास हुई। पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। नरेन्द्र शर्मा निवासी तेली की बजरिया, पंजाब बैंक के पीछे कम्पू अपने बेटे सन्नी को लेकर एक्टिवा से उटीला जा रहे थे।

# ई अटेंडेंस लगाने एवं वेतन रोकने पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 4 दिसम्बर।** शिक्षक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा द्वारा ई अटेंडेंस के आधार पर वेतन भुगतान सम्बंधी आदेश के खिलाफ ग्वालियर जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत

**जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी को दिया ज्ञापन**

कराया कि ई अटेंडेंस एवं एप की विश्वसनीयता को लेकर मामला अभी माननीय जबलपुर उच्च न्यायालय में लंबित है जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आया तो किस आदेश के तहत शिक्षकों एवं कर्मचारियों का वेतन रोका गया। जब भोपाल से जारी आदेश में वेतन रोकने का कोई प्रावधान नहीं है तो जिला स्तर पर कैसे वेतन रोका गया। यदि हमारे शिक्षक एप इतना ही कारगर है तो इसे वेतन भुगतान हेतु आई एफ एम एस से क्यों नहीं जोड़ा




गया।और यदि यह ऐप शिक्षकों व कर्मचारियों की भलाई व सुविधा के लिए बनाया गया है तो इसे स्वेच्छिक क्यों नही किया जा रहा है डाटा की सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा है तब शिक्षकों एवं कर्मचारियों पर इसे डाउनलोड कर ई अटेंडेंस लगाने का दबाव क्यों बनाया जा रहा है।

जो शिक्षक दबाव में इसे लगा भी रहे है उनको भी लॉगिन लॉगआउट करने में अत्यंत परेशानी का न केवल सामना करना पड़ रहा है बल्कि इससे शैक्षिक कार्यों पर विपरीत असर पड़ रहा है। सर्वर इश्यू एवं अन्य तकनीकी खामियों की वजह से अटेंडेंस लगाने वाले भी बेहद परेशान हैं। शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न करने एवं ई अटेंडेंस लगाने से उन पर मानसिक दबाव बढ़ता जा रहा है।

ज्ञापन सौपने बालों में संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष रणवीर सिकरवार,जिला संयोजक रविन्द्र त्रिपाठी सहित राज्य कर्मचारी संघ से सुरेन्द्र सिंह भदौरिया,प्रांतीय शिक्षक संघ से अरविन्द दीक्षित,नीतू तोमर, मध्यप्रदेश शिक्षक कांग्रेस से राजीव पाठक,नीरज सोलंकी ,कर्मचारी कांग्रेस से शिवकुमार आदी उपस्थित थे।



# सभापति ने किया साफ-सफाई एवं सीवर मिलान कार्य का निरीक्षण

**ग्वालियर , 4 दिसम्बर ।** सभापति मनोज सिंह तोमर ने वार्ड क्र. 55 के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे निरीक्षण किया तथा साफ सफाई व्यवस्था देखी। इसके साथ ही वार्ड में चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

सभापति तोमर ने वार्ड 55 स्थित गुडा गुडी नाका स्थित सरकारी मल्टी एवं सब्जी मंडी का निरीक्षण किया तथा सफाई व्यवस्था को देखा, साथ ही स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्र में नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन पहुंचे तथा प्रतिदिन क्षेत्र में सफाई हो यह संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें।




स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95